## सार-समाचार

### स्मार्ट मीटर के विरोध में जिला बंद 20 को

**झुंझुनूं,** (निसं)। मंगलवार को जिलेभर के जनप्रतिनिधियों की मीटिंग शकुंतला यादव की अध्यक्षता में सुलताना कस्बे में हुई। मीटिंग में जिला परिषद सदस्य पंकज धनखड़, पंचायत समिति सदस्य उम्मेद सिंह धनखड, सुमेर सिंह पीटीआई, राजा पूनियां सुलताना, सिंघाना ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष मानसिंह सहारण, ढांढोत सरपंच रामकिशन, सूरजगढ़ पंचायत समिति सदस्य रामावतार धोलिया, राजेश गोदारा, राजेंद्र महावर पिलानी, झुंझुनूं से राजेंद्र फौजी, विजेंद्र मील, पंकज गुर्जर, मलसीसर ब्लॉक से महिपाल पूनियां, उदयपुरवाटी ब्लॉक से विजयपाल भाटीवाड, नवलगढ ब्लॉक से कैलाश यादव और रामकरण सरपंच, नरेश सरपंच, उम्मेद सिंह बराला सरपंच, रामनिवास सरपंच, मोहर सिंह, सुरेश महला, सुशील पायल, इंद्राज चारावास, अभयसिंह चनाना, मुकेश झाझडिया महरमपुर, बरकत सरपंच इस्लामपुर, राजेंद्र झाझडिया, संदीप राव पदमपुरा, असलम पार्षद, सुनिल जानूं भामरवासी, वीरेंद्र डारा किशोरपुरा, जाकिर सुलताना, हसन अली, नवाब अली जिंद, सहीराम नेता सहित बड़ी संख्या में जिले भर के वर्तमान व पूर्वजन प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जय सिंह गुर्जर ने किया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने स्मार्ट मीटर से बिजली उपभोक्ताओं के सामने आने वाले संकट को विस्तार से समझाया सरकार कंपनियों के दबाव में काम कर रही है। आम बिजली उपभोक्ताओं को लूटना चाहती है। इस लूट के विरोध में सर्वसम्मति से निर्णय किया गया कि 20 अगस्त को पूरे जिले भर के सभी शहर व कस्बे पूर्णतया बंद रहेंगे। इसकी तैयारी के लिए सभी जीएसएस पर कमेटियों का गठन किया जाएगा।

### गोगामेड़ी आबूसर में पौधे लगाए

**झुंझुनूं,** (निसं)। विप्र सेना पूरे राजस्थान में एक पेड़ मां के नाम की मुहिम में धार्मिक स्थलों पर सार्वजनिक स्थलों पर सड़क किनारे एवं पार्कों में हरी भरी हरियाली के निमित्त विप्र सेना संपूर्ण बरसात के इस मौसम में ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाकर प्रकृति को एक अनूठा तोहफा देने के निमित लगा हुआ है। इसी कड़ी में मडांवा रोड स्थित आबूसर ग्राम में गोगामेडी प्रांगण में फूल एवं बिल के पेड़ लगाकर इस संकल्प को आगे बढ़ने का कार्य किया। कार्यक्रम के मुखिया विप्र सेना के जिलाध्यक्ष गुलझारीलाल शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बसावतिया ने इसी कडी में बताया कि हम इसी चौमासा मास में जितना हो सके संपूर्ण जिला झुंझुनू में पौधारोपण करेंगे। पौधारोपण करना समस्त मानव जाति का परम धर्म एवं आने वाली पीढियां के लिए एक सुंदर सपना होगा। गोगामेडी के महंत भगतजी जयदेव सिंह ने इस कार्यक्रम में पेड़ लगाने पर वृक्षारोपण करना एक महान कार्य एवं समाज के प्रति निष्ठा का कार्य बताया। समस्त समाज के कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इसी कड़ी में झुंझुनूं से रामचंद्र पाटोदा, विनोद पुजारी, बालमुकुंद शर्मा, नूआं के नवग्रह मंदिर के महंत भंवरलाल, बनवारीलाल एवं मेडी के भक्तों ने पूर्ण सहयोग कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

### हॉस्पिटल में 100वें बच्चे के जन्म पर केक काटकर खुशियां मनाई

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय के इंदिरा नगर स्थित काया हॉस्पिटल में 100वें सुरक्षित प्रसव होने के बाद मंगलवार को केक काट कर खुशियां मनाई गई। अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. गुलशन बानो ने बताया कि आज का दिन मेरे और मेरी टीम के लिए खास और खुशी का दिन है कि मैंने काया हॉस्पिटल में 100वीं सुरक्षित डिलीवरी कराई है। सभी बच्चे और मां स्वस्थ हैं। मैं इन सभी गर्भवती महिलाओं उनके परिवार जनों परिजनों का आभार प्रकट करती हूं। जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। उन्होंने बताया कि मेरे लिए संख्या से ज्यादा काम की गुणवत्ता ज्यादा महत्वपूर्ण है। ज्यादा प्रसव कराने के साथ ज्यादा से ज्यादा प्रसूताओं का सेटिस्फेक्शन हासिल करना मेरा मकसद है। गर्भावस्था में सबसे ज्यादा सहर्ष परामर्श और देखभाल की आवश्यकता होती है। मैं मेरे पेशेंट के हर वक्त मेनुवली, कॉल पर उपलब्ध रहती हूं तभी मेरे यहां डिलीवरी करवाने वालें परिवारों में मेरी सेवाओं की संतुष्टि सर्वाधिक है। इस अवसर पर अस्पताल के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप बेनीवाल सहित सम्पूर्ण स्टॉफ मौजूद रहा।

### स्वच्छता के लिए श्रमदान किया

**बड़ागांव,** (निसं)। गोमतीदेवी पीजी कॉलेज में संचालित वनराज इंडेप कंपनी एनसीसी पिलानी के एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर श्रमदान किया। एनसीसी प्रभारी कमलेश कुमार सैनी तथा सूबेदार आजाद सिंह शेखावत ने इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। स्वच्छता के अंतर्गत बड़ागांव स्थित राजकीय चिकित्सालय के परिसर में साफ-सफाई की तथा प्लास्टिक व पॉलिथीन इकट्ठा कर उन्हें जलाया गया। सभी पेड़ पौधों में पानी दिया गया। कॉलेज निदेशक सीएल शर्मा ने एनसीसी कैडेट्स को स्वच्छता एवं श्रमदान के महत्व को विस्तृत रूप में बताया तथा समझाया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. निधि शेखावत ने स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता का होना परम आवश्यक है। उसके साथ समाज में श्रमदान करके समाज को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. हरिप्रकाश सैनी, वीरेंद्र कुमार मील, रोशन, शेरसिंह आर्य तथा महाविद्यालय के समस्त एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।

### भामाशाह ने एक लाख रुपए का सहयोग दिया

**राजलदेसर** (निसं)। जयपुर में विप्र फाउंडेशन की ओर से बनाए जाने वाले परशुराम ज्ञानपीठ भवन निर्माण के लिए विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं भामाशाह के सहयोग से लगातार सहयोग मिल रहा है । इसी के तहत राजलदेसर कस्बे के भामाशाह सुरेंद्र दाधीच की ओर से एक लाख रुपए की राशि का सहयोग प्रदान करने पर राजलदेसर कस्बे के ब्राह्मण समाज के उमाशंकर दाधीच, पं. देवकीनंदन दाधीच,कमल दाधीच,भजन लाल पारीक, रमेश पारीक, राकेश शर्मा, भुवनेश्वर शर्मा, हेमंत शर्मा, रामचंद्र शर्मा, विनय दाधीच, रमेश दाधीच, गणेश दाधीच, महावीर पारीक, मनोज पारीक, पवन शर्मा, किशोर पारीक आदि ने भामाशाह सुरेंद्र दाधीच, का आभार जताया।

### भगवान शंकर की आरती आज

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे में टांटिया शिवालय में आज शाम 8 बजे भगवान आशुतोष की महा आरती सवा लाख बत्तियों से की जाएगी। इसके अलावा विशेष तरह के फूलों से भगवान शंकर का श्रृंगार किया जाएगा शिव कृष्ण भक्त मंडल राजलदेसर की ओर से प्रतिवर्ष इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है मंदिर के पुजारी पंडित देवकीनंदन, भगवती प्रसाद, धर्मेंद्र दाधीच ने बताया प्रदोष काल के पावन पर्व पर ये कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महाआरती के बाद स्थानीय कलाकारों द्वारा भगवान शंकर के भजनों का गुणगान किया जाएगा।

### चतुर्वेदी का सम्मान किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी झुंझुनूं के भाजपा नेता और पदाधिकारियों ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी को वित्त आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने पर जयपुर आवास पर जाकर माला पहनाकर मिठाई खिलाई। इस अवसर पर पूर्व सांसद भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, विधायक राजेंद्र भांबू, खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, जिला महामंत्री एडवोकेट सरजीत चौधरी, सेवाराम गुप्ता, दिनेश धाबाई, प्रमोद जानूं, विकास शर्मा लोटिया उपस्थित होकर बधाई और शुभकामनाएं दी तथा अरुण चतुर्वेदी को झुंझुनूं आगमन का न्यौता दिया।

### पौधों के सार संभाल का संकल्प

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के दरीबा स्थित ग्रीन बिग्रेड टीम के तत्वाधान में दरीबा गौशाला स्थित बैनाथा मार्ग पर पौधारोपण कार्यक्रम टीम के अध्यक्ष पवन कुमार पारीक व समाजसेवी गजानंद लोहिया के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर मुख्य सड़क मार्ग पर टीम द्वारा 40 पौधे लगाकर सार संभाल की जिम्मेदारी ली। पौधारोपण कार्यक्रम में मोनू जाखड, चंद्र प्रकाश खुडीया, हनुमान मारोठिया, ओम प्रकाश किरोडीवाल, मालाराम दर्जी, जंवरी मल गर्ग, अमर चंद मारोठिया, कालू किरोडीवाल, चंद्र प्रकाश नाई, शंकर, हेमराज मेघवाल, प्रदीप भोभरीया सहित टीम के अनेक सदस्यों ने पौधारोपण किया।

### पदयात्री सालासर के लिए रवाना हुए

**कोलसिया,** (निसं)। बुगाला गांव में बावलिया बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को 13वीं पदयात्रा निकाली गई। मंदिर पुजारी पंडित गोपालदास ने पूजा अर्चना की। जगदीश प्रसाद सैनी के नेतृत्व में जाने वाली पदयात्रा को पंसस ओमप्रकाश बुगालिया व किसान नेता सुभाष बुगालिया ने रवाना किया। डीजे की धुन पर नाचते गाते व जयकारों के साथ रवाना हुए। पदयात्रा में पवनसिंह, विनोद कुमार, मोतीलाल सैनी, महेंद्र जांगिड, शीशराम बुगालिया, सुमेर सैनी, किशोर कुमार सहित अनेक महिलाएं भी शामिल हैं।

# महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध भजनलाल सरकार : सहारण

**चूरू** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में मंगलवार को 'मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन-आंगनबाडी बहन सम्मान दिवस' का जिला स्तरीय कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुडा रहा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, सीईओ श्वेता कोचर सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बहनों के सुरक्षित भविष्य के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की है। हमारी सरकार ने महिलाओं का मान बढ़ाते हुए विधानसभा व लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों पर विभिन्न मरम्मत आदि कार्यों की आवश्यकता होने पर विधायक मद से स्वीकृत करेंगे। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सुदृढ़ व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के समन्वय से सक्रिय प्रयास किए जाएंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केन्द्र पर आने वाले बच्चों की समुचित देखभाल कर अच्छी शिक्षा दें। आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों को सुपोषित व सुशिक्षित बनाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश की महिलाओं के सुरक्षा व सम्मान के साथ बडे भाई का दायित्व निभा रहे हैं। सुदृढ व विकसित समाज के लिए आवश्यक है कि महिलाओं को समुचित अवसर मिलें। इस दौरान जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने सभी को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी। आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ. नरेन्द्र शेखावत, महिला अधिकारिता सहायक निदेशक राजेन्द्र सिंह, सीडीपीओ सीमा गहलोत आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रंगोली सजाई गई।

■ मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन, आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस का हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

उपनिदेशक डॉ. नरेन्द्र शेखावत ने विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस मौके पर उपस्थित जन ने पोषण की शपथ ली। कार्यक्रम में सीडीपीओ चन्द्रकला शर्मा, सहायक लेखाधिकारी राजकुमार स्वामी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी मनोज शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कर्णपाल सिंह, निखिल कुमार महर्षि, वरिष्ठ सहायक नरेन्द्र महर्षि, जिला समन्वयक मुस्तकीम खान, कपिल शर्मा, जिला परियोजना सहायक माया सरावग आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महिला पर्यवेक्षक ज्योति वर्मा व शीतल बत्रा ने किया।

**राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन पर्व:-** इस अवसर पर आंगनबाडी महिला कार्यकर्ताओं ने विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, सीईओ श्वेता कोचर, अभिषेक चोटिया, गोपाल बालाण, सुनील ढाका को राखी बांधी व रक्षाबंधन मनाया। अतिथियों ने महिलाओं को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए 501 रुपए, मिठाई व एक छाता उपहार स्वरूप प्रदान किए गए।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित:-** इस पर अतिथियों ने विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। इस अवसर पर अतिथियों ने पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, रॉकेट लर्निंग द्वारा आयोजित ईसीसीई कार्यक्रम, बढ़ता बचपन कार्यक्रम आदि में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 महिला पर्यवेक्षक, जिला समन्वयक, जिला परियोजना सहायक, 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व 05 विभागीय कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### राजकीय महाविद्यालय का निरीक्षण किया

**राजलदेसर** (निसं)। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने मंगलवार राजकीय महाविद्यालय का निरीक्षण किया। विधायक ने कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य सहित स्टाफ व छात्र छात्राओं से व्यवस्थाओं को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

■ विधायक को ज्ञापन सौंपा गया

उन्होंने बडी बारीकी से कालेज से जुडे हर पहलू पर चर्चा की तथा पूरे महाविद्यालय का निरीक्षण भी किया। प्राचार्य व स्टाफ एवं छात्र छात्राओं द्वारा बी ए पार्ट प्रथम में सेमेस्टर में अतिरिक्त सीटें बढ़ाने के लिए विधायक को ज्ञापन भी सौंपा गया।

जिस पर विधायक ने मौके से ही कॉलेज शिक्षा आयुक्त से दूरभाष पर वार्ता करके अतिरिक्त सीटे बढ़ाने के लिए कहा।

विधायक ने बताया कि विगत दो वर्षों में लगातार सीटे बढ़ाई जा रही है, जिसके कारण इस वर्ष कॉलेज में बी ए पार्ट प्रथम में प्रवेश लेने हेतु 411 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 331 अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित शुल्क तक जमा करवा दिया गया, लेकिन इस वर्ष सीटे नहीं बढ़ाई गई जिससे मात्र 201 विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया गया।

# राजस्थानी गीत, कविता, गजल की प्रस्तुतियों से साकार हुई लोक संस्कृति

**चूरू** (निसं)। टेलेंट्स विला चूरू की ओर से रविवार को घंटेल के पास त्रिनेत्र योग धाम में राजस्थानी थीम पर हुए ओपन माइक शो में रचनाकारों व कलाकारों ने राजस्थानी गीत, कविता, गजल की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर लोक संस्कृति को साकार कर दिया। सिर पर साफा और राजस्थानी वेशभूषा में सजे कलाकारों की प्रस्तुतियों पर महिलाओं ने लोक नृत्य की भी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में कविता, गजल, भजन, लोकगीत, स्टोरी टेलिंग और म्यूज़िक की प्रस्तुति दी गई। मोनिका पंवार ने राजस्थानी गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का आगाज किया। हास्य कवि आशीष गौतम आशु ने अपनी हास्य प्रस्तुतियों से उपस्थित जन को खूब

■ राजस्थानी थीम पर हुए ओपन माइक शो में रचनाकारों व कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

गुदगुदाया। अनिता व मीना सीलू राजलदेसर ने लोकगीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अनूप सैनी बेबाक, अंकुशा बुंदेला, हेमंत, मोनिका चारण, राहुल जय, मनीष शर्मा, सुलोचना पटेल, निरुल शर्मा, सिराज, राजेंद्र सिंह देपालसर, शौर्य शर्मा, प्रशांत प्रजापत, लीलाधर कत्थक द्वारा प्रस्तुत गीतों पर उपस्थित श्रोता झूम उठे। भगवती पारीक श्रीडूंगरगढ़ व पूनम शर्मा चूरू ने राजस्थानी गीत व कविता की प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटौरी। संदीप जांगिड़, पिंटू शर्मा भारतीय व तरुण शर्मा ने हास्य प्रस्तुति देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया।

मुकेश कुमार मनमौजी, रोहिताश घायल, पूर्वाक्षी सैनी, रितेश प्रजापत, अन्नु, ओम भगतानी, विक्की बजाज, शीशराम जाखड़, प्रवीण दानोदिया सेहला, मनराज कांटीवाल मेघसर, पारुल शर्मा ने राजस्थानी कविता, गीत और गजलों की प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। नुरुल ने वाद्य यंत्र व भरत सैनी ने बांसुरी वादन के जरिए खूब वाहवाही लूटी।

टेलेंट्स विला के संस्थापक प्रदीप कथक ने कहा ये सिर्फ एक मंच नहीं है, बल्कि रिश्तों और जड़ों से जुड़ने का एक जरिया है। इस तरह के कार्यक्रम के जरिए वरिष्ठ रचनाकारों के साथ नवोदित प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है।

योगाचार्य मनोज शर्मा ने भी राजस्थानी गीत के जरिए अपने भाव व्यक्त किए। बजरंग कथक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल रजन्यंश व भगवती पारीक ने किया।

शिवराज न्यामा, ओमप्रकाश देवरा, शायर देवी ने टेलेंटस विला की ओर से कार्यक्रम के सहयोगी योगिनी आशा अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह, योगाचार्य मनोज शर्मा व विनीता शर्मा का स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान किया। इस मौके पर विशाखा, खुशी, आदित्य, हर्षित, नीलम, मयंक, ओजस्वी सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

### 'तिरंगा हमारे गौरव और एकता का प्रतीक'

**सादुलपुर,** (निसं)। शहर की प्रमुख शिक्षण संस्था आर एस मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत मंगलवार को समारोह पूर्वक की गई। संस्था अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत की अध्यक्षता में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका राजगढ़ के ई.ओ. राकेश अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् हरिसिंह भाटी, जयंत कुमार, सांगवान, राजेश चंदेलिया एवं कालीचरण थे। नगरपालिका ई.ओ. राकेश अरोड़ा ने कहा कि 2022 में प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ इस अभियान के तहत इस वर्ष भी नगरपालिका राजगढ़ द्वारा 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह एवं विद्यार्थियों से आव्हान किया कि हमारे गौरव, एकता और आत्मसम्मान के प्रतिक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को हम आन बान शान से फहराये और इस अभियान को सफल बनाएं।

### सावन महोत्सव मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। बाकरा रोड अंबेडकर नगर स्थित जीबी मोदी विद्या मंदिर में सावन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के सचिव श्रवण कुमार केजडीवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं जिसमें एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, म्यूजिकल चेयर, सुनो और जीतो, मेमोरी गेम्स, रिंग गेम्स, बिंदी चिपकाओ, हाऊजी और लक्की ड्रा आदि का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं व सभी अभिभावकों द्वारा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इसके साथ-साथ विभिन्न वस्तुओं व मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं की स्टॉल लगाई गई। जिसमें अपने बच्चों के साथ अभिभावकों व अध्यापक अध्यापिकाओं ने भी इस महोत्सव का आनंद लिया। खेल व नृत्य प्रतियोगिताओं में विजयी रहे प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया।

# सीकर में रक्षाबंधन पर आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस कार्यक्रम आयोजित

**सीकर,** (निसं)। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मंगलवार को जिला परिषद सभागार सीकर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुरक्षा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस समारोह में जिले भर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर से वर्चुअल माध्यम से जुडकर प्रदेश की 1 लाख 21 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशभर की आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के बैंक खातों में 501 रुपये की प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की। सीकर जिले में 4 हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के खातों में यह राशि ट्रांसफर की गई।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह राशि महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक सुमन पारीक ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान का संदेश प्रसारित करना था। समारोह में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को राखियां बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूती प्रदान की। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी महिलाओं को मिठाई और छाते वितरित किए गए, जिसने समारोह में उत्साह और खुशी का माहौल बढ़ाया।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि यह आयोजन न केवल रक्षाबंधन का उत्सव है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सीकर में इस कार्यक्रम ने सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं में नया उत्साह जगाया है।

कार्यक्रम में उप जिला प्रमुख ताराचंद घायल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी, एडीएम सिटी भावना शर्मा, जिला परिषद सीईओ राजपाल यादव, जिला परिषद सदस्य इंदिरा चौधरी, मनोज बाटड़, आईसीडीएस उपनिदेशक सुमन पारीक, एडीपीसी राकेश कुमार लाटा, सहायक निदेशक इंदिरा शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी शेवसिंह शेखावत,जिला समन्वयक जितेन्द्र कुमावत सहित जिले भर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### लहरिया उत्सव का आयोजन

**सीकर** (निसं)। लियो क्लब सीकर द्वारा सांवली रोड स्थित मारू पार्क में लहरिया उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 30 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दोपहर के समय हुए इस आयोजन में सभी आयु वर्ग की महिलाओं ने एक साथ बैठकर भोजन किया, विभिन्न मनोरंजक गेम्स खेले, संगीत पर नृत्य किया और खूब मस्ती की। क्लब अध्यक्ष रितिका गोयल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक सकारात्मक और आनंददायक वातावरण प्रदान करना था, वहीं क्लब सचिव स्नेहा खेतान ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ महिलाओं को आपस में जोड़ने और सामाजिक भागीदारी को बढ़ाने में सहायक होती हैं। सभी महिलाओं ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

# लाडो सम्मान समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान हुआ

**झुंझुनूं,** (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से मंगलवार को परमवीर शहीद पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लाडो सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में सरकारी स्कूलों की उन बालिकाओं को सम्मानित किया गया। जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त किए या विभिन्न शैक्षिणक एवं सह शैक्षिणक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने छात्राओं को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा प्रतिभाएं तब निखरती हैं। जब उन्हें सही समय पर प्रोत्साहन और मंच मिलता है। इस तरह के आयोजन बालिकाओं में आत्मविश्वास भरने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों में भागीदारी भी जरूरी है। दोनों के संतुलन से न केवल व्यक्तित्व का विकास होता है। बल्कि भविष्य के रास्ते भी प्रशस्त होते हैं। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने कहा कि लाडो सम्मान समारोह का उद्देश्य उन छात्राओं को मंच देना है जो सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि ऐसी बालिकाओं को समाज के सामने लाकर उनका आत्मबल बढ़ाया जाए। इस पर एटीओ प्रियंका लांबा, प्रेरणा कालेर, प्रधानाचार्य जमुना झाझडिया, सहायक जनसंपर्क अधिकारी विकास चाहर, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षिकाएं, बालिकाओं के अभिभावक और समाजसेवी मौजूद रहे।

# 'पश्चिमी राजस्थान में सोलर प्लांट की आड़ में पर्यावरण का हो रहा विनाश'

**चूरू** (निसं)। चूरू सांसद राहुल कस्वां ने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी एवं केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर सोलर प्लांट की आड में वृक्षों की अंधाधुंध कटाई का मुद्दा उठाया। साथ ही सांसद कस्वां ने केन्द्रीय वन, पर्यावरण व जलवायु मंत्री भूपेन्द्र यादव को इस मुद्दे को लेकर पत्र भी लिखा।

केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात और लिखे पत्र में सांसद कस्वां ने कहा कि बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, फलौदी, जोधपुर सहित उत्तर-पश्चिमी राजस्थान खेजड़ी सहित रेगिस्तानी दुर्लभ प्रजातियों के वन्य जीवों के लिये प्रसिद्ध है। वर्तमान में इन जिलों में नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता बढ़ाने के लिये सोलर प्लांट बडे स्तर पर लगाए जा रहे हैं। लेकिन इन सोलर प्लांट की आड में पर्यावरण का भारी विनाश किया जा रहा है।

सांसद ने कहा कि यद्यपि सौर ऊर्जा देश के भविष्य के लिये आवश्यक है,

■ केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर उठाया सोलर स्थापित करने के नाम पर वृक्षों की अंधाधुंध कटाई व उससे पर्यावरण को रहे गंभीर नुकसान का मुद्दा उठाया

जिसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन जब सोलर कम्पनियों द्वारा प्लांट स्थापित करने के लिये हजारों बीघा में खेजड़ी जैसे पवित्र वृक्षों को, घास के मैदानों और वन्यजीवों को नष्ट करती हैं तो यह प्रगति नहीं; बल्कि पारिस्थितिकी हत्या है। खेजडी जैसे पूज्य वृक्ष मरुस्थलीय पारिस्थितिकी का स्तंभ हैं, जो मिट्टी में नमी, पशुधन के चारे की व्यवस्था व ग्रामीण संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। खासकर विश्नोई समाज में तो यह वृक्ष अत्यंत ही पूजनीय है, जहां इसकी रक्षार्थ मां अमृता देवी सहित सैंकड़ों लोगों ने स्वयं को न्यौछावर कर दिया था। आज उन्हीं क्षेत्रों में सोलर प्लांट के नाम पर अंधाधुंध रूप से हजारों पेड़ों की कटाई की जा रही है और सरकार की और से कोई पारदर्शी नीति या मुआवजा प्रणाली भी नहीं है।

सांसद ने कहा कि लाखों की संख्या में वृक्ष कटने से गंभीर पारिस्थितिकी संकट उत्पन्न हो गया है और तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। साथ ही पानी का संकट बढ़ना, फसलों का उत्पादन घटना, स्थानीय लोगों का रोजगार छिनना एवं जीव-जन्तुओं कम होना जैसे गंभीर दुष्प्रभाव सामने आ रहे हैं, जो अत्यंत ही चिन्तनीय है।

सांसद कस्वां ने केन्द्रीय मंत्री से कहा कि पर्यावरण की दृष्टिकोण से यह गंभीर मुद्दा है और राजस्थान में सोलर प्लांट के लिये जमीन अधिग्रहण से पूर्व पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन अनिवार्य किया जाए। खेजडी सहित अन्य वृक्षों की कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। जिन क्षेत्रों में जैव विविधता प्रभावित हुई है वहां पुरर्वनीकरण व पुनर्स्थापन योजना तत्काल प्रभाव से चलाई जाए। साथ ही भारत सरकार इस मुद्दे पर राजस्थान सरकार और कम्पनियों की जवाबदेही तय करे।

विश्नोई समाज सहित अन्य सभी स्थानीय समुदायों की सहमति के बगैर कोई जमीन अधिग्रहित न की जाए। इसके अलावा अब तक काटे गए वृक्षों की कानूनी अनुमति, मुआवजा एवं पुन:रोपण की निगरानी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

**पर्यावरण की रक्षा हमारा धर्म, विकास के नाम पर हो रहे विनाश पर आंखे नहीं मूंद सकते: सांसद कस्वां**

सांसद कस्वां ने कहा कि सोर ऊर्जा की रौशनी के नाम पर हम अपने पर्यावरण को क्षति पहुंचायेंगे तो यह प्रगति नहीं बल्कि विनाश होगा। सरकारों की यह ज़िम्मेदारी बनती है कि वह पर्यावरण की चिन्ता पहले करें।


मेरे पति के आर्मी नं. 6812371 रैंक EX. SEP. हर फूल के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम RAKURE भूलवश दर्ज हो गया, जो गलत है। जबकि मेरा सही नाम RUKMA DEVI है, जो आर्मी रिकॉर्ड में दुरस्त कर दर्ज किया जावे। शपथग्रहिता- रुकमा देवी पत्नी हर फूल, निवासी कालरी, तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.) 331301

**आम सूचना**

मैं श्रीमति मथरी आयु 67 साल पुत्री पारली पत्नी महावीर जाति मेघवाल निवासी रावतसर कुंजला तह. राजगढ जिला चूरू (राज.) की हूं। सर्वसाधारण आम वो खास को इस नोटिस के जरिये निम्न प्रकार से सूचित कर रही हूं कि गांव रावतसर कुंजला पटवार हल्का सांखनताल भू.अभि.नि.-सांखु तह. राजगढ जिला चूरू का खाता संख्या नया 123 पुराना 118 खसरा नं. 578/264 भूमि 7.27 हैक्टेयर है, जिस पर किसी प्रकार लोन व गिरवी नहीं है, सभी प्रकार से रहन मुक्त है और न ही किसी का कब्जा है। उक्त कृषि भूमि मैंने विनोद कुमार पुत्र प्रेमचन्द जाति मेघवाल निवासी हरपालू कुशाला तह. राजगढ जिला चूरू दिनांक 01.07.2023 को सम्पूर्ण राशि नगद लेकर विक्रय कर दी है। जिसकी लिखा पढ़ी बेचान एग्रीमेन्ट/शपथपत्र/गिरवी नामा/मुख्त्यार नामा/रकम प्राप्ति रशीद पत्र/वसीयत पत्र के क्रम सं.-47/48/49/50/51 CANTRAL NOTARY GOVT. OF INDIA के द्वारा मैं व मेरी पुत्री छीनो पत्नी महेन्द्र/गुड्डी पत्नी मोहर सिंह ने हस्ताक्षर व अगुठा निशान लगाकर मूल दस्तावेज खरीददार को दे दिये है। उक्त कृषि भूमि खरीददार विनोद कुमार अपने नाम या अपने चाहते के नाम करवाये तो मेरे व मेरी पुत्रियों के तथा मेरे पति महावीर के कोई आपत्ति नहीं है, भविष्य में भी नहीं होगी। उक्त कृषि भूमि पर मेरा व मेरी पुत्रियों, पति का हक अधिकार नहीं होगा। उक्त कृषि भूमि का खरीददार विनोद कुमार से कोई लेना बकाया नहीं रहा है। सूचित किया जाता है कि किसी भी संस्था/निकाय अर्द्धनिकाय/बैंक ओर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में मुझे मेरे पते पर रजि. डाक द्वारा सूचित करें।

शपथग्रहिता-मथरी

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 30/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री नौरंग लाल पुत्र श्री सरदार सिंह निवासी वार्ड नं. 21 रामपुरा रोड नियर बाईपास सीकर तहसील व जिला सीकर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास भगवानदास कन्हैयालाल तोदी धर्मशाला महामंदिर रोड, सीकर (पंजीयन संख्या 823 दिनांक 18.11.1983) में पूर्व प्रन्यासियों का देहान्त होने के कारण उनका नाम अभिलेख से हटाने व नवीन प्रन्यासियों का नाम दर्ज अभिलेख किये जाने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 09.09.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 28/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री मदन सिंह निवासी ग्राम दादिया तहसील व जिला सीकर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत आरोग्यम योग स्वास्थ्य अनुसंधान केन्द्र, नवजीवन सीबीएसई स्कूल के पास महाराजा सूरजमल कॉलोनी, तहसील व जिला सीकर 302001 के द्वारा संशोधित विधान पत्र (ट्रस्ट डीड) एवं नवीन प्रन्यासी श्री मदन सिंह पुत्र श्री अर्जुन सिंह का नाम दर्ज अभिलेख किये जाने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 09.09.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 88/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री ललित कुमार परसरामजिका पुत्र श्री देवकीनन्दन परसरामजिका निवासी गुढ़ा गौडजी, तहसील उदयपुरवाटी, जिला झुंझुनूं ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत गुढ़ा शिक्षा एवं शोध संस्थान, गुढ़ागौडजी, बेनीवाल भवन, आदर्श कॉलोनी, गुढ़ागौडजी, तहसील उदयपुरवाटी, जिला झुंझुनूं के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 09.10.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 89/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री ललित कुमार परसरामजिका पुत्र श्री देवकीनन्दन परसरामजिका निवासी गुढ़ा गौडजी, तहसील उदयपुरवाटी, जिला झुंझुनूं ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत सहारा शिक्षा समिति गुढ़ागौडजी, बेनीवाल भवन, आदर्श कॉलोनी, गुढ़ागौडजी, तहसील उदयपुरवाटी, जिला झुंझुनूं के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 09.10.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 90/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री सुरेन्द्र कुमार मुरोलिया पुत्र स्व. श्री मदन लाल पुजारी निवासी 315/टी-2, आशियाना ग्रीन, सनसिटी नीदड, हरमाडा, पीओ विश्वकर्मा इण्डस्ट्रीयल एरिया, जिला जयपुर राजस्थान-302013 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मंदिर श्री जानकी वल्लभ जी सेवा ट्रस्ट, कॉलेज रोड नेमानियों का मौहल्ला, वार्ड नं. 20 चिड़ावा, जिला झुंझुनूं के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 09.10.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

